मैंने अल्लाह के नबी (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) को ज़मज़म का पानी पिलाया और आपने खड़े-खड़े पी लिया।

अब्दुल्लाह बिन अब्बास- रज़ियल्लाहु अन्हुमा- कहते हैं कि मैंने अल्लाह के नबी (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) को ज़मज़म का पानी पिलाया और आपने खड़े होकर पी लिया। नज़्ज़ाल बिन सबरा- रज़ियल्लाहु अन्हु- कहते हैं कि अली- रज़ियल्लाहु अन्हु- रहबा द्वार में आए और खड़े होकर पानी पिया एवं कहाः मैंने अल्लाह के रसूल (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) को वैसा ही करता देखा है, जैसा तुमने मुझे करते हुए देखा। अम्र बिन शोऐब अपने पिता शोऐब से और वह अपने दादा- रज़ियल्लाहु अंहु- से रिवायत करते हैं, वह कहते हैं कि मैंने अल्लाह के रसूल (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) को खड़े होकर और बैठकर पानी पीते देखा है।
[ह़सन] [इसे बुख़ारी ने रिवायत किया है।]

https://sunnah.global/hadeeth/hi/show/4300